आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री–किसान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एन.डी.ए. सरकार के केन्द्र में ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। उन्होंने ग्यारह वर्षों में किसानों की संमृद्धि के लिए किए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जिनसे कृषि क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन सुनिश्चित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयास आने वाले समय में और भी मजबूती से जारी रहेंगे।

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के प्रत्येक नागरिक से राष्ट्रवाद के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। वे आज सोलन ज़िले के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण युवाओं को कृषि उद्यमी बनाने की आवश्यकता है और कृषि उत्पादों की मार्किटिंग में किसानों की भागीदारी बढ़ाना ज़रूरी है। उपराष्ट्रपति ने वर्तमान में ग्रामीण व्यवस्था की ओर ध्यान देने पर भी बल दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार फर्टिलाईज़र के माध्यम से किसानों की काफी मदद कर रही है। इसके अलावा आर्थिक तौर पर भी किसानों को सीधे मदद पहुंचाई जा रही है। उपराष्ट्रपति ने किसानों को दी जाने वाली किसान सम्मान निधि में समय के साथ वृद्धि करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, सांसद सुरेश कश्यप और बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल भी मौजूद रहे।

गरिमापूर्ण विदाई

इससे पहले शिमला के अनाडेल हैलिपैड पर उपराष्ट्रपति को गरिमापूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में महिलाएं खेती की रीढ़ हैं और उनके योगदान के बिना कृषि की कल्पना करना असम्भव है। कृषि मंत्री ने हल्दी की खेती को लाभदायक बताते हुए कहा कि सरकार ने

प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी पर 90 रूपए प्रति किलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

अनशन समाप्त

प्रदेश प्राथमिक शिक्षकों का क्रमिक अनशन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया है। शिक्षा मंत्री के साथ शिमला में हुई प्राथमिक शिक्षकों की बैठक के बाद करीब 21 मुद्दों पर सहमति बनी है जिसके बाद शिक्षकों ने अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने इन शिक्षकों की जायज़ मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष के कार्यकाल में भारत को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अद्‌भुत सम्मान मिला है। शिमला ज़िले के ठियोग में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि यू.पी.ए. के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था ग्यारहवें स्थान पर थी जो अब चौथे स्थान पर पहुंच गई है। वर्तमान प्रदेश सरकार की कार्य प्रणाली की चर्चा करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि ये सरकार आने वाले समय में काम रोकने के लिए जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केवल टैक्स लगाने पर ज़ोर दिया है और सरकारी बसों के किराए भी कई गुणा बढ़ाए गए हैं।

……………………………………………